# भारतीय जनता पार्टी

**(**केंद्रीय कार्यालय**)**

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

12 अप्रैल 2024, शुक्रवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**न 73, न 65, इस बार उत्तर प्रदेश की जनता 80 की 80 सीटें मोदी जी को देगी**

*****************

**घमंडिया गठबंधन लोगों को जातियों में बाँट रहा, मोदी जी देश को एक कर रहे**

*****************

**भाजपा सरकार में बेगुनाह नहीं, गुंडे पलायन कर रहे हैं**

*****************

**सपा, बसपा और कांग्रेस ने पहले श्रीराम मंदिर बनने नहीं दिया और फिर प्राण-प्रतिष्ठा का भी बहिष्कार किया**

*****************

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में आयोजित विशाल रैली को संबोधित किया और जनता से भाजपा को 370 और एनडीए को 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की पिछले 10 वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र चौधरी, मुरादाबाद प्रत्याशी श्री कुंवर सर्वेश कुमार सिंह और संभल प्रत्याशी श्री परमेश्वर लाल सैनी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आज जनसभा में जनता की भागीदारी देखकर स्पष्ट पता चल रहा है कि श्री कुंवर सर्वेश सिंह और श्री परमेश्वर लाल जी की भव्य विजय निश्चित है। उत्तर प्रदेश की जनता ने 80 सीटों में से **वर्ष 2014 में 73 और 2019 में 65 सीटें देकर भाजपा को पूर्ण बहुमत** दिया है। **उत्तर प्रदेश का आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने में सबसे बड़ा सहयोग रहा है। इस बार न 73 सीटें चलेंगी, न 65 चलेंगी, उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में जानी चाहिए**।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 'पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं,' **चुनाव का पहला चरण पश्चिम उत्तर प्रदेश में हैं और जैसा पश्चिम वाले करेंगे,** वैसा ही **पूरा उत्तर प्रदेश करेगा**। इसीलिए आने वाले दिनों में हर घर से युवा, माता, बहनें, बच्चे, दलित और किसान सबको निकलकर कमल का बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानी

है। इस चुनाव में यदि आप श्री सर्वेश सिंह और श्री परमेश्वर लाल को वोट देंगे, तो वो वोट सीधा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए जाएगा। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था 10वें से 5वें स्थान पर आ गई है, यदि आप तीसरी बार भाजपा सरकार बना देंगे तो ये मोदी की गारंटी है कि देश विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।** भाजपा शासन में 1 करोड़ गरीब बहनें लखपति बनी हैं, यदि तीसरी बार आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने का कार्य किया जाएगा।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सभी वादे पूरे किए हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पहले यह कहकर भाजपा का उपहास करती थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे, लेकिन **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के 5 वर्षों के भीतर कोर्ट का फैसला भी आ गया और भव्य राम मंदिर बनाकर भी तैयार हो गया है।** 500 वर्षों के बाद राम लला टेंट की जगह भव्य मंदिर में अपना जन्मदिन मनाने वाले हैं। समाजवादी पार्टी, बसपा और कांग्रेस तीनों पार्टियां मंदिर का विरोध करती रहीं और जब मंदिर बनने के बाद इन पार्टियों को प्राण प्रतिष्ठा का न्योता भेजा गया तो ये वहां भी सम्मिलित नहीं हुए, क्योंकि इन पार्टियों को अपने वोट बैंक का डर सता रहा है। **जिन्होंने इतने वर्षों तक मंदिर को बनने नहीं दिया, उनमें इतनी नैतिक हिम्मत भी नहीं बची कि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित हो पाते।** लेकिन आज **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, बाबा विश्वनाथ का दरबार भी सजाया गया, महाकाल लोक भी बनाया गया, बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम का विकास कराया गया और सोमनाथ मंदिर को भी सोने का बनाने का कार्य किया जा रहा है।** 10 वर्षों में सभी सांस्कृतिक मान-बिंदुओं की रक्षा करने का कार्य किया गया है।

जम्मू एवं कश्मीर पर कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए बयान पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **खड़गे कहते हैं कि राजस्थान और उत्तर प्रदेश वालों का कश्मीर से क्या लेना देना है, लेकिन खड़गे साहब को पता नहीं है कि मुरादाबाद का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार है।** 70 वर्षों तक कांग्रेस धारा 370 को पालती-पोषती रही, लेकिन **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया और आज शान से कश्मीर में भारत का तिरंगा लहरा रहा है।**

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के 10 वर्षों के शासन में आए दिन देश पर आतंकवादी हमले होते थे लेकिन कांग्रेस की मनमोहन सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर पाती थी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने उरी और पुलवामा का जवाब पाकिस्तान को घर में घुसकर दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध किया है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क अनाज मुहैया कराया, 12 करोड़ शौचालय बनवाए, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक घर बनवाए और 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए हैं। उत्तर प्रदेश में पहले डर, दंगे, गौ-तस्करी हुआ करती थी और गुंडो का राज चलता था, लेकिन जनता ने समाजवादी पार्टी को हटाकर भाजपा की सरकार बनाई। **परिणामस्वरूप, आज उत्तर प्रदेश में डर, दंगे और गौतस्करी की जगह 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' जैसी पहल शुरू हुई और प्रदेश का विकास हुआ है। सपा शासन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हिंदुओ का पलायन हो रहा था, लेकिन आज भाजपा शासन में हिंदू नहीं गुंडे पलायन कर रहे हैं।** मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने इन 7 वर्षों में पूरे उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था को चाक चौबंद कर दिया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश से पलायन, माफियाराज और गौ-तस्करी खत्म हो गई है। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रदेश में चार हवाई अड्डे, 12 एक्सप्रेसवे बनवाए, 80 लाख घरों में बिजली पहुंचाई, 3 करोड़ 40 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत ₹5 लाख का नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया, 2 करोड़ 35 लाख शौचालय बनवाए और 14 करोड़ लाभार्थियों को नि:शुल्क अनाज प्रदान किया** लेकिन इस विकास के उलट, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी तीन तलाक वापस लाने, धारा 370 फिर से लगाने और उत्तर प्रदेश को जातियों में बांटने की बात कर रही हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही हैं, जो पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधे रख सकते हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के अनुसार देश में मात्र चार जातियां हैं - गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति। भाजपा सरकार **सबका साथ, सबका विकास** के मूल मंत्र के साथ कार्य करती है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने गन्ने की उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) ₹210 प्रति क्विंटल से बढ़ाकर ₹340 प्रति क्विंटल की है। किसानों को ₹23 हजार करोड़ से बढ़ाकर ₹2 लाख 50 हजार का भुगतान किया गया है। हमारी सरकार ने 20 से अधिक चीनी मिलें फिर से संचालित कीं और 5 नई चीनी मीलों की स्थापना की। उन्होंने जनता पर विश्वास जताते हुए कहा उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में जनता कमल खिलाने वाली है। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने स्थानीय प्रत्याशी को रिकॉर्ड मतांतर से विजयी बनाकर पूरे देश में प्रचंड बहुमत के साथ लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

********************